मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–**cm-540**
**23/08/2026**

# मुख्यमंत्री ने पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री से दूरभाष पर बातचीत कर फरक्का बराज के सभी गेट खोलने का किया आग्रह

- **पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री श्री शुभेंदु अधिकारी ने मुख्यमंत्री को इस संबंध में त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया।**

पटना, 23 अगस्त 2026 :– मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी ने आज पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री श्री शुभेंदु अधिकारी से दूरभाष पर बातचीत कर बिहार में गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर एवं उत्पन्न बाढ़ की स्थिति को देखते हुए फरक्का बराज के सभी गेट खोलने का आग्रह किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में गंगा नदी के जलस्तर में लगातार वृद्धि के कारण कई क्षेत्रों में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो रही है। ऐसी परिस्थिति में फरक्का बराज के सभी गेट खोलने से गंगा नदी के जलप्रवाह को सुगम बनाने में मदद मिलेगी तथा बिहार में बाढ़ की स्थिति को नियंत्रित करने में सहायता मिल सकती है।

पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री श्री शुभेंदु अधिकारी ने मुख्यमंत्री को इस संबंध में त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

******